C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 7:07 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:13 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 17 अंक 5 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 16 जून 2025

आमिर खान की पूर्व पत्नी ने...पेज-3 पर

## दुनिया की कई हस्तियां आती हैं बाबा के दर्शन को

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल से 19 किमी दूर नीम करौली बाबा का कैंची धाम आध्यात्मिकता मान्यता का केंद्र है। क्रिकेटर विराट कोहली से लेकर फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग और एप्पल के संस्थापक स्टीव जॉब्स जैसे कई दिग्गज आए थे। इन हस्तियों ने अपना जीवन बदलने की कहानियां भी सुनाई हैं। नीम करौली बाबा पहली बार साल 1962 में कैंची धाम आए थे। उन्होंने अपने मित्र पूर्णानंद के साथ मिलकर 15 जून 1964 को कैंची धाम की स्थापना की थी। नीम करौली बाबा ने 15 जून को ही कैंची धाम को स्थापना दिवस के रूप में तय किया था. उन्होंने 10 सितंबर 1973 को शरीर त्यागकर महासमाधि ली थी. समाधि लेने के बाद उनके अस्थि कलश को धाम में ही स्थापित कर दिया गया। इसके बाद 1974 से बड़े स्तर पर मंदिर का निर्माण हुआ। आश्रम के नाम को लेकर यह माना जाता है कि कैंची धाम की ओर जा रही सड़क कैंची की तरह दो तीखे मोड़ जैसी दिखाई देती है। इस वजह से धाम का नाम कैंची धाम रखा गया।. नीम करौली बाबा हनुमान को काफी ज्यादा मानते थे। इसी वजह से उन्होंने अपने जीवन में हनुमान जी के 108 मंदिरों को बनवाया।

### बाबा को प्राप्त थी सिद्धियां

कैंची धाम ट्रस्ट के प्रबंधक प्रदीप शाह (भय्यू दा) बताते हैं कि बाबा नीम करौली बाबा को सिद्धियां प्राप्त थी। लोग बाबा जी को हनुमान जी का ही एक रूप आज भी मानते हैं. भय्यू दा बताते हैं कि साल 1962 में बाबा जब रानीखेत से भवाली की तरफ आ रहे थे तो वे गाड़ी रोककर शिप्रा नदी के इस पार आ गए और साथ के लोगों से इस स्थान पर स्थित सोमबारी महाराज की गुफा और धूनी के बारे में पूछने लगे। तब इस जगह पर घना जंगल हुआ करता था। लेकिन महाराज ने इस जगह को जहां आज कैंची धाम स्थित है, हनुमान मंदिर के लिए चिन्हित कर लिए था। कुछ समय बाद इस जगह पर सफाई करवाकर यहां हनुमान मंदिर की स्थापना की।



**मंदिर का सौंदर्य**

बाबा नीब करौरी के धाम कैंची मंदिर के स्थापना दिवस पर मंदिर परिसर को गजब का सजाया हुआ है। विविध आकर्षक रंगों में विद्युत मालाओं से मंदिर का सौंदर्य निखर उठा है, जो देखते बरबस मन मोह लेता है। (अफजल फौजी)

## News कॉर्नर

### निर्माणाधीन मकान में चोरों का धावा



**हल्द्वानी।** चोरों ने एक निर्माणाधीन मकान में धाबा बोलकर वहां से हजारों रुपए का तार चुराकर पुलिस को चुनौती दी है गृह स्वामी के भाई ने पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। मुखानी थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है सौंपी तहरीर में श्री श्याम अपार्टमेंट मुखानी चौराहा निवासी के,सी,एस, खत्री पुत्र भीम सिंह ने कहा है कि उसके भाई प्रकाश खत्री का मकान देव श्री कॉलोनी ऊंचा पुल में एक मकान बन रहा है बीती रात चोरों ने उसे मकान में धावा बोलकर वहां से पांच बंडल बिजली के तारों को चुरा लिया है पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

जल-विद्युत परियोजनाओं को लेकर हुई चर्चा

## केंद्रीय ऊर्जा मंत्री खट्टर से मिले मुख्यमंत्री धामी

**नई दिल्ली**

एजेंसी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय ऊर्जा व आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से ऋषिकेश-हरिद्वार क्षेत्र में विद्युत लाइनों को भूमिगत और स्वचालित करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज केंद्रीय ऊर्जा व आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की। उन्होंने जल-विद्युत परियोजनाओं के विकास और प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत विशेष सहायता के लिए उनसे अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने राज्य के दूरदराज और कठिन भू-भाग में पंप स्टोरेज परियोजनाओं के विकास के लिए 3800 करोड़ के वायबिलिटी गैप फंड के लिए भी अनुरोध किया, जिससे इन क्षेत्रों में ऊर्जा उत्पादन क्षमता को बढ़ाया जा सके और स्थानीय विकास को भी बढ़ावा मिले। मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया कि बैंकों, एनबीएफसी और अन्य वित्तीय संस्थानों को इस संबंध में स्पष्ट दिशा निर्देश दिए जाएं ताकि ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लाभार्थियों को सरलता से ऋण सुविधा उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री ने आरआरटीएस (रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) को मोदीपुरम मेरठ मार्ग से आगे हरिद्वार तक विस्तारित करने के लिए अनुरोध किया। इससे न केवल राज्य में यातायात की समस्या हल होगी, बल्कि शहरीकरण और समग्र आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।



### एक दिन के डीएम और एसपी बनेंगे 10वीं-12वीं के टॉपर्स

प्रदेश में उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 10वीं और 12वीं की परीक्षा में सर्वोच्च्च स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को एक उनके जनपद में एक दिन का जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्चाधिकारियों को इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तानों को पत्र लिखने के निर्देश दिए।

शासन स्तर पर इसके लिए एक कार्ययोजना बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रेरणादायी पहल का उद्देश्य मेधावी छात्रों को प्रशासनिक अनुभव कराना और उनमें आत्मविश्वास जगाना है, ताकि वे उच्च लक्ष्य की ओर प्रेरित हों। यह योजना जल्द ही जिलों में लागू होगी।

## नियमितीकरण नियमावली को लेकर 52 हजार पौधों का रोपण किया

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम ने 332 दिन तक नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 की मांग को लेकर 52 हजार पौधों का रोपण किया। जिसका नाम लांगेस्ट कैंपेन टू प्लांट सैपलिंग इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है। पूरे देश में प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुररानी के नेतृत्व में उनके संगठन का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज होने पर सभी कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। बता दें कि महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुररानी के नेतृत्व में 3 जुलाई 2024 से राज्य ही नहीं अपितु पूरे देश में एक अनूठा अपनी मांगों को लेकर पौधा रोपण आंदोलन किया गया जिसमें कर्मचारियों के माध्यम से समूचे उत्तराखंड में कुमाऊं मंडल व गढ़वाल मंडल विकास निगम की इकाइयों के परिसर में पौधों का रोपण किया गया। समय.समय पर ज्ञापन के साथ पौधा के तहत पौधा रोपण किया गया। विवाह समारोह, जन्मदिन तथा साल गिरह व विदाई समारोह जनप्रतिनिधियों, मंत्रीगणों तथा नौकरशाह सहित शुभ अवसरों पर पौधारोपण कर आंदोलन से जोड़ा गया। इस पौधा रोपण आंदोलन की सराहना यात्रियों पर्यटकों सहित सभी के द्वारा की गई। गुररानी ने कहा कि निगम के कर्मचारियों ने अपने कार्यों के साथ.साथ उपभोक्ताओं व पर्यटकों को सारी सुविधाएं दी और खाली समय पर पौधारोपण करते हुए अपनी मांग को शासन तक पहुंचाया। शासन स्तर पर कई वार्ता हुई समस्याओं का समाधान हुआ।

जिसमें कुमाऊं मंडल विकास निगम केपूर्व प्रबंध निदेशक डॉ संदीप तिवारी द्वारा निगम में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए वेतन की बढ़ोतरी व कई समस्याओं का समाधान किया। कई समस्याएं अभी दोनों निगमों के वर्तमान प्रबंधन की लेट लतीफे के कारण रुकी हैं ।और सबसे प्रमुख मुद्दा नियमितीकरण नियमावली का है। जिसमें सरकार द्वारा कैबिनेट में भी प्रस्ताव पारित कर दिया गया है न्यायालय द्वारा भी निर्णय दे दिया गया है। लेकिन अभी तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई ।उन्होंने कहा कि निगम के कर्मचारियों ने 1000 फीट की ऊंचाई से लेकर 18000 फीट की ऊंचाई तक कार्य करते हुए सरकार के हर निर्णय का पालन किया है।

## युवक को एक तमंचा दो जिंदा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

मुखबिर की सूचना पर बनभूलपुरा थाना पुलिस ने एक युवक को एक तमंचा बाद दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है बनभूलपुरा थाने में तैनात एस आई जगबीर सिंह कांस्टेबल भूपेंद्र ज्येष्ठा बीती रात रेलवे स्टेशन के समीप गश्त कर रहे थे।

तभी एक मुखबिर ने सूचना दी की रेलवे स्टेशन के समीप टूटी हुई दीवार के पास एक युवक तमंचा लेकर के खड़ा है सूचना पाकर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए उसे युवक को पकड़ लिया और उसकी तलाशी ली जिसके पास से 315 बोर का एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए जब पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम चिकारा पुत्र विष्णु वर्मा निवासी लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश वह हाल निवासी पाल कंपलेक्स बरेली रोड बताया पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। थाना प्रभारी नीरज भाकुनी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। और वह यहां तमंचा दिखाकर किसी को लूटने की वारदात को अंजाम देने की फिराक में था पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है।

## उत्तराखंड परिवहन निगम को जल्द मिलेगी 100 बसें

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड परिवहन निगम की प्रबंध निदेशक रीना जोशी ने आज सोमवार को काठगोदाम डिपो में बन रहे बस स्टेशन का निरीक्षण किया और कार्य कर रही संस्था को कार्य मे तेजी लाने और शीघ्र कार्य संपन्न करने को कहा,प्रबंध निदेशक ने काठगोदाम डिपो के सहायक महाप्रबंधक कार्यालय ,हल्द्वानी डिपो के सहायक महाप्रबंधक कार्यालय के साथ काठगोदाम वर्कशाप,मंडलीय कार्यशाला काठगोदाम का भी निरीक्षण किया, साथ ही अधिकारियों को आय बढ़ाने के लिए दिशा निर्देश भी दिये।उत्तराँचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै ने उत्तराखंड परिवहन निगम की प्रबंध निदेशक रीना जोशी के काठगोदाम डिपो आगमन पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और ज्ञापन प्रेषित किया,जिसमे निम्न बिंदु है,उत्तराखंड परिवहन निगम के सभी कर्मचारियों को हर महीने की सात तारीख को वेतन दिया जाय।उत्तराखंड परिवहन निगम में कार्यरत विशेष श्रेणी -संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाय।विशेष श्रेणी-संविदाकर्मियों का महंगाई भत्ता का 4त्न को शीघ्र लगाया जाय,निगम का अपना बस बेड़ा बढ़ाया जाय, जिसमे डीजल-इलेक्ट्रिक बसों को शामिल किया जाय,नियमित कर्मचारियों के पुराने देयकों का भुकतान किया जाय,डग्गामार वाहनों के लिए शासन स्तर से कार्यवाही की जाय। इस मौके पर महाप्रबंधक संचालन उत्तराखंड पवन मेहरा,मंडलीय प्रबंधक संचालन पूजा जोशी,मंडलीय प्रबंधक तकनीकी टीका राम आदित्य,सहायक महाप्रबंधक काठगोदाम राजेंद्र प्रसाद आर्या,सहायक महाप्रबंधक हल्द्वानी संजय पांडे,मनोज दुर्गापाल,वरिष्ट केंद्र प्रभारी काठगोदाम रघुवीर चौधरी, मनोहर रावत,लेखाकार किशन राम आर्या,दयाल जोशी ,तरुण आर्या,नेत्र सिंह,शिव शामिल थे।



# वीकेंड पर सैलानियों की आमद कम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

पर्यटन नगरी नैनीताल में वीकेंड पर अपेक्षा के मुताबिक सैलानियों की आमद कम रही। होटलों में औसतन 80 प्रतिशत कमरे लग पाए। नगर में पर्यटक वाहनों की आमद भी 20 प्रतिशत कम रही।

कैंची स्थापना दिवस पर हर वर्ष सैलानियों की आमद सर्वाधिक रहती है। मगर इस बार लगभग 30 प्रतिशत कम रही है। जिस कारण नगर पर्यटन कारोबारी निराश नजर आए। तल्लीताल टोल टैक्स के अनुसार गत दिवस तीन हजार से अधिक पर्यटक वाहनों ने एंट्री की थी, शनिवार देर रात तक लगभग दो हजार ही पहुंचे। इस बीच सैलानियों ने नगर के पर्यटन स्थल क्रमश: चिड़ियाघर, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन, हिमालय दर्शन, वॉटरफॉल व हनुमानगढ़ी समेत अन्य पर्यटन स्थलों की सैर की। नौकायन गतिविधि सामान्य रही। मालरोड पर रौनक देखी गई। नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन अध्यक्ष



दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि जून मध्य सीजन पीक पर रहता है। मगर इस बार सैलानियों की आमद कम हो चली है।

सोशल मीडिया के वायरल वीडियो इसकी बड़ी वजह हैं, जो ट्रैफिक को लेकर वीडियो रील्स वायरल कर रहे हैं। इधर ट्रैफिक डायवर्ड करने के कारण भी सैलानी नैनीताल आने की बजाय दूसरे पर्यटन स्थलों में शरण ले रहे हैं। नगर के पर्यटन को लेकर यह अच्छा नहीं है। उन्होंने प्रशासन से ट्रैफिक में सुधार किए जाने की मांग की है।

## होटल एसोसिएशन ने पीएसी बैंड की मांग

नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने मल्लीताल बैंड स्टैंड में पर्यटकों के मनोरंजन के लिए पीएसी बैंड बजाने को लेकर पत्र भेजा है। अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने कहा कि बैंड स्टैंड में में सीजन के दौरान सैलानियों के मनोरंजन के लिए पीएसी बैंड का इतिहास कई दशक पुराना है। जिसे पुन: संचालित किया जाना चाहिए। इससे नगर के पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।



# वाणिज्य विभाग की शोध छात्रा दीक्षा पवार ने पीएचडी पूर्ण की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर के वाणिज्य विभाग की शोध छात्रा दीक्षा पवार ने एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.विजय कुमार के निर्देशन में पीएचडी पूर्ण की। शनिवार को दीक्षा की पीएचडी की मौखिकी परीक्षा प्रो. अमित कुमार सिंह वाणिज्य विभाग,दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमी , दिल्ली विश्वविद्यालय,दिल्ली द्वारा ली गई। दीक्षा का शोध का विषय *कैश टू कैशलेस इकोनॉम* रहा। उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि अर्जित करने पर वाणिज्य संकाय के संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी, डॉ. आरती पंत, डॉ. विजय कुमार, डॉ. ममता जोशी, डॉ. निधि वर्मा, डॉ. हिमानी जलाल, डॉ. जीवन उपाध्याय, डॉ. विनोद जोशी, अंकिता आर्या, डॉ. तेज प्रकाश, डॉ.पूजा जोशी, डॉ. गौतम रावत समेत कूटा अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी , शोध निदेशक प्रो. एनजी साहू, संयुक्त निदेशक डॉ.मोहन लाल,सहायक निदेशक डॉ.दीपक आर्या, डॉ.महेश आर्या, डॉ.विजय कुमार आदि रहे।

# कई महीनों से बना ग्राम सभा अघरिया में बना है पेयजल संकट

**धारी**

**हमारे संवाददाता**

क्षेत्र के ग्राम सभा अघरिया में पेयजल संकट कई महीनों से बना हुआ है । लापरवाही कर्मचारियों कि वजह से ग्रामवासियों को पेयजल नहीं मिल पा रहा है । किसानों व विधालय जाने वाले बच्चो की दिनचर्या बदल गई है पानी कि वजह से बच्चे विधालय भी नही जा पा रहे है पिने के लिए तक पानी नही मिल पा रहा है । गवालाकोट मे पम्पिंग का गंदा पानी आने से लोग उसको पीते नही है । साथ ना कभी टेंको कि सफाई कि जाती है ना ही टेंको मे ताला लगा है। ग्राम सभा मे अगर एक छुट्टी पर जाता है तो उस दिन पम्प नहीं चलाया जाता है ऐसे कर्मचारीयो पर उच्च अधिकारी भी कुछ नही कर पाते है । ऐसे लापरवाह कर्मचारी अगर बने रहे तो पेयजल संकट हमेशा बना रहेगा । कई बार लोगो ने अधिकारियो को भी पेयजल संकट के बारे बताया लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है । अघरिया गवालाकोट मे ग्रेवीटी पेयजल योजना को जल सस्थान विभाग ने खत्म कर दिया है आखिर क्यो। वही दूसरी तरफ ग्रेवीटी का पानी बंद पड़ा हुआ है। ऐ ई हरीश द्विवेदी का कहना है कि जो कर्मचारी काम नही कर रहे हैं उनको हठाया जाएगा साथ ही जिन कर्मचारियों को 60 उम्र हो गई है उनकोजल्द हटाया जाएगा विभाग हमेशा कर्मचारियों को पानी के सफाई के लिए लिखवाड देता है लेकिन कर्मचारी उसको टेंक मे नही डालते है तो उनके ऊपर कार्यवाही कि जाएगी।



## NEWS / फटाफट

### जीआईसी भूमियाधार में नि:शुल्क योग शिविर का आयोजन



**नैनीताल।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार और राज्य स्वच्छ गंगा मिशन नमामि गंगे उत्तराखण्ड के संयुक्त तत्वाधान में जीआईसी भूमियाधार में नि:शुल्क योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें डीएसबी परिसर की छात्रा प्रिया आर्या छात्र छात्राओं को योगाभ्यास करा रही हैं। यह शिविर 21 मई से शुरू किया गया था जिसका समापन 21 जून को किया जाएगा। प्रिया आर्या ने बताता कि इस शिविर में प्रतिभागियों को योग के नियमित अभ्यास से होने वाले लाभो की विस्तृत जानकारी दी जा रही है तथा इसका उद्देश्य योग के प्रति जागरुकता फैलाना और समाज को शारीरिक मानसिक और आत्मिक रूप से स्वस्थ बनाना है।

### बच्चे का प्राइवेट पार्ट जलने से बच्चा गंभीर

**नैनीताल।** नैनीताल के खुर्पाताल निवासी ढाई साल के बच्चे के प्राइवेट पार्ट जलने से बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके चलते आनन फानन में परिजन उसे बीडी पांडे अस्पताल लेकर आए और प्राथमिक उपचार के बाद इसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक चूल्हे में पानी गर्म करने के लिए रखा हुआ था और बच्चा गलती से पानी के ऊपर गिर गया। इमरजेंसी में मौजूद डॉ. प्रशांत ओली ने बताया कि बच्चे का करीब बीस प्रतिशत प्राइवेट पार्ट जल गया है और प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया है।

### लेक्स इन्टरनेशनल स्कूल में मनाया कैंची धाम स्थापना दिवस



**भीमताल।** लेक्स इन्टरनेशनल स्कूल, भीमताल में बाबा नीब करौरी महाराज के कैंची धाम का स्थापना दिवस मनाया गया। विद्यालय सभागार में प्रात: काल विद्यालय के प्रधानाचार्य एस0एस0नेगी द्वारा दीप प्रज्वलित कर और महाराज जी के चित्र पर पुष्प भेंट कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा हनुमान चालीसा, भजन-कीर्तन तथा आरती के माध्यम से बाबा का आह्वान किया और अपनी श्रद्धा व्यक्त की। प्रसाद वितरण के उपरान्त विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री एस0एस0नेगी जी ने बाबा नीब करौरी महाराज को याद किया और कैंची धाम में बढ़ती भीड़ के बीच न जा पाने की असमर्थता पर विद्यालय में ही बाबा का आह्वान किया और सभी पर आशीर्वाद के लिए बाबा से प्रार्थना की। श्री नेगी ने सभी के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बाबा से सभी पर कृपा बनाए रखने के लिए आह्वान किया।

### प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की

**नैनीताल ।** जिला नैनीताल के धारी विकासखंड के जिला पंचायत क्षेत्र दीनी तल्ली सीट लगातार चौथी बार भी सामान्य होने पर क्षेत्र के आरक्षित वर्ग के अनुसूचित जाति के सैंकड़ों लोगों ने दीनी तल्ली में बैठक कर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की है। लोगों का कहना है कि दीनी तल्ली जिला पंचायत क्षेत्र में 60 से 70 प्रतिशत अनुसूचित जाति की आबादी है। बैठक के माध्यम से जिला प्रशासन से सीट को आरक्षित करने की गुजारिश की गयी। बैठक में डॉ भुवन चंद्र आर्य समेत देवेन्द्र कुमार,आशीष कुमार,दीपक कुमार समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। दूसरी ओरदीनी तल्ली के निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य डा, दीपक मेलकानी ने कहा कि इस बार सीट अनु जाति के लिए आरक्षित होनी चाहिए, अनु जाति को भी जिला पंचायत में प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

# पुलिस और अधिवक्ताओं ने एक दूसरे के खिलाफ किया मुकदमा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच हुई प्रकरण में तल्लीताल थाने में दोनों पक्षों की तहरीर पर एक दूसरे खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मल्लीताल कोतवाली में तैनात कांस्टेबल जीवन पांडे ने कहा है कि बृहस्पतिवार की रात करीब 11 बजे वह अपने साथी हरवंश के साथ तल्लीताल से राजभवन की ओर जा रहे थे। एलपीएस के समीप कुछ लोग झगड़ा कर रहे थे। रोकने पर वह उनके साथ हाथापाई पर उतर आए। हमलावरों में शुभ्र, राहुल समेत 10 अन्य शामिल रहे। घटना में उनका पर्स व 8000 रुपये भी गुम हो गए। पुलिस ने बीएनएस की धारा 111 (2), 191 (2), 351 (2) एवं 351 (3), 352 के तहत मुकदमा दर्ज किया।

दूसरी ओर हरिद्वार निवासी अधिवक्ता शुभ्र रस्तोगी का कहना है कि बृहस्पतिवार रात वह रात्रि भोज करने के बाद राजभवन मार्ग से अपने दोस्त राहुल के साथ तल्लीताल की ओर आ रहे थे। एलपीएस के समीप विपरीत दिशा से आ रही सफेद रंग की स्विफ्ट कार ने आगे चल रही स्कूटी को टक्कर मार दी और उनके साथ मारपीट की। घटना में उनकी सोने की चेन व पैंडल गुम हो गए। हमारे बुलाने के बावजूद पुलिस मौके र पहुंची।आरोप है कि सिपाही पुष्कर ने उनके व राहुल के साथ मारपीट की। अधिवक्ता की तहरीर पर थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 115 (2), 191 (2), 324 (4) के तहत आरोपी जीवन पांडे व अन्य चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ऑल सेंट्स कॉलेज आध्यात्मिक समारोह आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

ऑल सेंट्स कॉलेज में शनिवार को एक गरिमामयी एवं आध्यात्मिक वातावरण में समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अंजिना रिचर्ड्स को औपचारिक रूप से विद्यालय की नई प्राचार्या के रूप में पदस्थापित किया गया। साथ ही विद्यालय के नवनिर्मित प्री-प्राइमरी ब्लॉक का भी विधिवत उद्घाटन हुआ।

इस विशेष अवसर पर चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया, आगरा डायोसिस के प्रमुख एवं विद्यालय के अध्यक्ष, द मोस्ट रेव. बिजय कुमार नायक द्वारा मुख्य अनुष्ठान संपन्न कराया गया। उनके साथ डायोसेसन सचिव व आगरा डायोसिस सीएनआईडी ई बी के सचिव, डॉ. अविनाश चंद, आगरा डायोसिस के कोषाध्यक्ष अशीष हाबिल, रेवरेंड हेरॉल्ड, रेवरेंड नायक और रेवरेंड मुनव्वर ने भी इस पवित्र सेवा में भाग लिया और धार्मिक अनुष्ठानों का संचालन किया।



समारोह की शुरुआत पवित्र बाइबिल से वचनों के पाठ से हुई, जिसके बाद विद्यालय के स्टाफ द्वारा भक्ति भजन गाए गए। ईश्वर की स्तुति करते हुए सभी ने प्रार्थना की कि वह अपना आशीर्वाद उन सभी बच्चों पर बनाए रखें जो इस प्रतिष्ठित संस्था का हिस्सा रहे हैं, वर्तमान में हैं या भविष्य में बनेंगे। समस्त विद्यालय परिवार ने अंजिना रिचर्ड्स के नेतृत्व में संस्था के नए अध्याय की शुरुआत का स्वागत करते हुए उनके सफल एवं प्रेरणादायी कार्यकाल की कामना की। समारोह में विद्यालय के शिक्षकगण तथा अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

इस ऐतिहासिक अवसर ने न केवल संस्थान की 155 साल की समृद्ध परंपराओं को रेखांकित कर इसके गौरवमय इतिहास का पुन: स्मरण कराया बल्कि यह भी संकेत दिया कि आने वाला समय विद्यालय के लिए शिक्षा, आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्यों के समन्वय का एक स्वर्णिम अध्याय सिद्ध होगा।

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## पर्यावरण और स्वास्थ्य

*साइकिल चलाने को खेल से जोड़ते हुए पर्यावरण और नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक बताया। जिस तरह से देवभूमि में घर-घर से सैनिक निकलते रहे हैं, ठीक उसी तरह हर गांव-गली में किसी न किसी खेल के चैंपियन होने चाहिएं। दरअसल ऑटो मोबाइल उद्योग के विकसित होने के बाद वाहनों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। साइकिल चलाना लगभग लोगों ने छोड़ दिया है। गांवों में भी लोग स्कूटर, मोटरसाइकिल, कार का इस्तेमाल करते हैं।*

विज्ञान और तकनीक के विकास से सुविधाएं बढ़ी हैं, लेकिन समस्याओं में भी इजाफा हुआ है। उत्तराखंड में खेल मंत्री रेखा आर्या ने पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ भारत का प्रेरणादायक संदेश दिया है। साइकिल चलाने को खेल से जोड़ते हुए पर्यावरण और नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक बताया। जिस तरह से देवभूमि में घर-घर से सैनिक निकलते रहे हैं, ठीक उसी तरह हर गांव-गली में किसी न किसी खेल के चैंपियन होने चाहिएं। दरअसल ऑटो मोबाइल उद्योग के विकसित होने के बाद वाहनों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। साइकिल चलाना लगभग लोगों ने छोड़ दिया है। गांवों में भी लोग स्कूटर, मोटरसाइकिल, कार का इस्तेमाल करते हैं। मजदूर वर्ग के पास भी साइकिल मुश्किल से मिलती है। किशोर उम्र के छात्र भी स्कूटर से स्कूल आते-जाते हैं। साइकिलिंग प्रतियोगिता के खिलाड़ी जरूर साइकिल चलाते हैं। खिलाड़ी ज्यादातर स्टेडियम अथवा कालेज की फील्ड में प्रैक्टिस करते हैं। साइकिल से पर्यावरण को हानि नहीं होती है। हिमालयी राज्य उत्तराखंड का 65 प्रतिशत भूभाग वन और पर्वतीय है। वन से पर्यावरण संरक्षण होता है। मैदानी शहरों और गांव में पेड़ों का अंधाधुंध कटान हुआ है। प्रदूषण से सांस लेना भी दूभर हो गया है। मैदानी क्षेत्र में उद्योगों के अलावा वाहनों से सबसे अधिक प्रदूषण हो रहा है। दोपहिया और चारपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग प्रदूषण रहित है। लेकिन भारी भार वाहन डीजल से चलते हैं। कारोबार वाले वाहनों पर प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता है। भीड़भाड़ वाले शहरों में तेज गति से दौड़ने वाले वाहनों के कारण साइकिल चालक को खतरा है। छोटे शहरों, कस्बों और गांव में साइकिल चलाना सुरक्षित है। व्यस्तता के कारण व्यायाम के लिए समय नहीं मिलता है। स्कूटर और मोटरसाइकिल के इस्तेमाल से शारीरिक श्रम कम हो जाता है। सुविधाभोगी दिनचर्या से शरीर में रोग होने लगते हैं। जिम में एक्सरसाइज तथा योगासन से लाभ जरूर होता है। योग का नियमित अभ्यास के साथ यदि साइकिल को दिनचर्या में शामिल किया जाये तो एक काम से कई लाभ होंगे। ऑटो मोबाइल वाहन के ईंधन में खर्च होने वाले धन की बचत होगी। उत्तराखंड में बच्चे से लेकर वृद्ध तक में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता है। पर्वतीय क्षेत्र में सेना और अन्य सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए शरीर को शक्तिशाली बनाने के लिए साइकिल चलाते और दौड़ते युवा देखे जा सकते हैं। महिला और पुरुष पैदल अधिक चलते हैं।

# बाबा नीब करौरी के दर्शन को उमड़ा आस्था का सैलाब





**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

श्री कैंची धाम स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम से मनाया गया। लाखों की तादात देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे लोगों ने लंबी कतारों में लगकर नीब करौरी महाराज के दर्शन किए। कैंची धाम में सुबह से नीब करौरी महाराज के दर्शन के लिए लोगों की लंबी-लंबी कतारें लगना शुरु हो गयी थी। श्रद्धालुओं को मालपुआ का प्रसाद वितरित किया गया।

बता दें अबकी बार शटल सेवा के माध्यम से श्रद्धालुओं को कैंची धाम भेजा जा गया था। भक्त अपना वाहन पार्किंग स्थल में पार्क कर शटल सेवा के माध्यम से कैंचीधाम मंदिर दर्शन के लिए पहुंच रहे थे, वहीं शटल सेवाए पार्किंग व्यवस्था व बैरिकेडिंग स्थलों तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए, शौचालयों एवं पानी आदि की उचित व्यवस्था की गई थी। पूरे क्षेत्र की लाइव मॉनिटरिंग की जा रही थी। सभी प्रमुख स्थलों पर ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों से कड़ी निगरानी रखी गयी थी। जनपद व अन्य जनपदों से आए पुलिस अधिकारी तथा जवान पूरी तत्परता से तैनात मेला स्थल पर तैनात रहे। इसके अलावा साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इधर उधर बिखरे हुए कूड़े को तत्काल उठाया जा रहा है।

कैंची धाम मेले के दौरान कुमाऊं आईजी रिद्धिम अग्रवाल,डीएम वंदना सिंह तथा एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा कैंची धाम के मेले पर पैनिक नजरें लगाए बैठे रहे। उन्होंने कहा की जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की पूरी टीम अपनी अपनी जिमेदारी बखूबी निभा रहें है।

इस दौरान डीएम वंदना सिंह ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कहा कि शनिवार से ही श्रद्धालुओं का कैंची धाम आना शुरू हो गया था और रविवार की सुबह से कैंची धाम में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का ताता लगा हुआ है। कहा की इस वर्ष प्रशासन ने पिछले वर्ष की तुलना में 600 से अधिक शटल सेवाएं लगाई है अब नैनीताल, हल्द्वानी तथा भवाली और भीमताल व खैरना से शटल सेवाएं सुचारु की है। कहा की मेडिकल टीम चौबीसों घंटे तैनात है। डीएम वंदना सिंह ने कहा कि इस वर्ष करीब 0दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया की पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार तैयारी की गई है। नैनीताल पुलिस सेवा में सतत तत्पर श्रद्धालुओं को शिष्टाचारपूर्वक किया जा रहा है । दो.पहिया वाहन पार्किंग में कराकर शटल सेवा के लिए प्रेरित किया जा रहा है। श्रद्धालुओं का फीडबैक भी अच्छा मिल रहा है। भक्त लाइन मे लगे है जल्द ही दर्शन के मंदिर पहुंच रहें हैं।

जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने सभी श्रदालुओं से अपील की है कैंची धाम दर्शन करने के लिए नियमों का पालन करें पुलिस आपकी सुरक्षा व सेवा के लिए तैनात है।

## नगर पालिका नैनीताल ने कैंची धाम मार्ग पर सफाई अभियान चलाया

**नैनीताल।** कैंचीधाम में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले मेले की बढ़ती व्यापकता और श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए नगर पालिका परिषद नैनीताल ने कैंची धाम मार्ग पर विशेष सफाई अभियान चलाया।

जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह एवं अधिशासी अधिकारी रोहतास शर्मा के निर्देशानुसार पालिका के मुख्य सफाई निरीक्षक सुनीत कुमार एवं सफाई निरीक्षक कमल सिंह चौहान के निर्देशन पर सुपरवाइजर कमल सेनवाल और धर्मेश के सुपरविजन में पर्यावरण मित्रों ने विशेष सफाई अभियान चलाया। जिसके तहत तल्लीताल नैनीताल से कैचीधाम मार्ग पर दोनों ओर फैले कूड़े-कचरे को एकत्रित कर पालिका के कूड़ा वाहन में निस्तारित किया गया ताकि रास्ता स्वच्छ और सुंदर बना रहे और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# राज्यपाल ने राजभवन में कई वर्षों से सेवाएं दे रहे कार्मिकों को सम्मानित किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



राजभवन नैनीताल में शनिवार को राजभवन में तैनात समस्त कार्मिकों एवं उनके परिजनों के लिए परिवार मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। परिवार मिलन कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कार्मिकों एवं उनके परिजनों से मुलाकात की और हालचाल जाना। इस दौरान राज्यपाल ने राजभवन में कई वर्षों से सेवाएं दे रहे कार्मिकों को सम्मानित किया और उनके समर्पण एवं कार्यनिष्ठा की सराहना की।

राज्यपाल ने कहा कि राजभवन में कार्यरत समस्त अधिकारी और कर्मचारी केवल कार्मिक नहीं, बल्कि एक परिवार का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि परिवार के किसी भी सदस्य की समस्या मेरी अपनी समस्या है, जिसका समाधान मेरी प्राथमिकता है। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन नैनीताल ने हाल ही में 125 वर्ष पूरे किए हैं और आज भी इसकी भव्यता, गरिमा और सुंदरता जीवंत है। इसके संरक्षण और रखरखाव के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के योगदान की सराहना की। अपने संबोधन में राज्यपाल ने सभी कार्मिकों से अपेक्षा की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि राजभवन जैसी गरिमामयी संस्था में लापरवाही या शिथिलता के लिए कोई स्थान नहीं है। हम सभी को उत्कृष्टता के साथ अपने कार्यों में नया मानक स्थापित करना है। इस दौरान कार्यक्रम में प्रथम महिला गुरमीत कौर, परिसहाय अमित श्रीवास्तव, अनु सचिव लक्ष्मण राम आर्या सहित राजभवन के अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिजन उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## आमिर खान की पूर्व पत्नी ने हासिल की बड़ी उपलब्धि



*किरण राव शंघाई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की निर्णायक मंडल में शामिल हुई हैं। वह लाल साड़ी में बेहद खूबसूरत दिखीं। आमिर खान की पूर्व पत्नी और निर्देशक किरण राव ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वह शंघाई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (एसआईएफएफ) में जूरी मेंबर में शामिल हुई हैं। इस प्रोग्राम के उद्घाटन में निर्देशक किरण राव लाल साड़ी पहन कर पहुंचीं। इसके साथ उन्होंने सफेद ब्लाउज पहना। लेटेस्टली ने किरण राव के हवाले से लिखा है शंघाई में जाना बहुत अच्छा रहा। यहां चीन और दुनिया भर से बड़ी हस्तियां आईं। मैं फिल्मों को चयनित किए किए जाने के तरीके को देख रही थी। मैंने कई फिल्मों की तारीफ की। एक फिल्ममेकर और एक स्टोरीटेलर के तौर पर वहां जाना और जूरी के तौर पर उसमें शामिल होना बहुत अच्छा था। प्रोग्राम में शामिल होने के अपने अनुभव के बारे में बताते हुए राव ने कहा %वैश्विक सिनेमा लोगों के बीच पुल बनाने और कहानियों के जरिए हमें जोड़ने में बहुत शक्तिशाली हो सकता है। शंघाई फिल्म फेस्टिवल के निर्णायक मंडल की अध्यक्षता ऑस्कर विजेता ग्यूसेप टॉर्नेटोर कर रहे हैं। इन दोनों के अलावा जूरी मेंबर में अर्जेंटीना के निर्देशक इवान फंड, चीनी अभिनेता-निर्देशक हुआंग बो, फिल्म निर्माता लीना, अभिनेत्री योंग मेई और ग्रीक निर्माता थानासिस शामिल हैं।*

### 400 से अधिक फिल्में

*27वां शंघाई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल चीन के शंघाई में 13 जून से 22 जून के बीच हो रहा है। फेस्टिवल के दौरान, 71 से अधिक देशों की 400 से अधिक फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। इनका मकसद दुनिया भर की उभरती प्रतिभाओं और स्थापित लेखकों को सामने लाना है। किरण राव ने हाल ही में फिल्म लापता लेडीज का निर्देशन किया है। फिल्म की भारत समेत विदेशों में काफी तारीफ हुई है। फिल्म में नितांशी गोयल, प्रतिभा रत्ना, स्पर्श श्रीवास्तव, क्षाया कदम और रवि किशन ने अदाकारी की है।*

# राज्यपाल से प्रकृति प्रेमी पद्मश्री अनूप साह ने की शिष्टाचार भेंट

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन नैनीताल में प्रसिद्ध छायाकार और प्रकृति प्रेमी पद्मश्री अनूप साह ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण, हिमालय, बच्चों में प्रकृति के प्रति रुचि बढ़ाने जैसे कई विषयों पर चर्चा की।

राज्यपाल ने अनूप साह के फोटो के माध्यम से प्रकृति और हिमालय की सुंदरता को दिखाने और लोगों को जागरूक करने के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनके जैसे लोगों से प्रेरणा लेकर बच्चों को भी प्रकृति, हिमालय और पर्यावरण का महत्व समझाया जा सकता है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की सुंदरता, हिमालय, वन्य जीवन और जैव विविधता हमारी अमूल्य धरोहर है। बच्चों में प्रकृति के लिए प्यार और जिम्मेदारी की भावना पैदा करना जरूरी है। पद्मश्री अनूप साह ने भी राज्यपाल को अपने विभिन्न अभियानों और फोटो डॉक्युमेंटेशन से अवगत कराया जो उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं हिमालयी जीवनशैली के प्रचार-प्रसार के लिए किए हैं। राज्यपाल ने उनके कार्यों की सराहना की और कहा कि भविष्य में राज्य के लिए मिलकर प्रकृति और पर्यावरण के क्षेत्र में अच्छा काम किया जा सकता है।



